PASS EXAM YEAR

# UP-RO-ARO EXAM TEST SERIES -2024

## सफलता के लिए अंतिम प्रहार

# HINDI TEST SERIES -2

Join Test Series

7376789729

डेमो टेस्ट सीरीज़ प्राप्त करने के लिए
दिए गए नम्बर पर Join Test Series लिख कर WhatsApp करें

**1. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य चुनिए-**

(a) चहारदिवारी के पार एक सुन्दर इमारत है।
(b) उपरोक्त वाक्य का संज्ञान लें।
(c) शिक्षणेत्तर कर्मचारी आज शाम को एकत्र होंगे।
(d) यह कार्य अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

**व्याख्या (d)** - दिए गए वाक्यों में तीन वाक्य अशुद्ध हैं। इनके शुद्ध वाक्य इस प्रकार हैं- (a) चहारदीवारी के पार एक सुन्दर इमारत है। (b) उपर्युक्त वाक्य का संज्ञान लें। (c) शिक्षणेतर कर्मचारी आज शाम को एकत्र होंगे। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**2. निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?**

(a) वह अनेकों मामलों में गवाह था।
(b) नूपुर की ध्वनि मनमोहक है।
(c) आपकी मनःकामना पूरी हो।
(d) मनीषिगण! मेरी बात पर ध्यान दें।

**व्याख्या (a)** - विकल्प (a) का वाक्य अशुद्ध है। इस वाक्य में 'अनेकों' के स्थान पर 'अनेक' होना चाहिए, क्योंकि 'अनेक' स्वयं बहुवचन का द्योतक है।

**3. निम्नलिखित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है-**

(a) उसने मुक्तकण्ठ से बड़ाई की।
(b) उसने मुक्तहस्त धन लुटाया।
(c) समस्त प्राणिमात्र का कल्याण करो।
(d) आपकी आयु चालीस वर्ष है।

**व्याख्या (b)** - दिए गए वाक्यों में 'उसने मुक्तहस्त धन लुटाया' वाक्य शुद्ध है। अन्य सभी वाक्य अशुद्ध हैं। इनका शुद्ध रूप होगा- 'उसने मुक्तकण्ठ बड़ाई की', 'समस्त प्राणीयों का कल्याण करो', 'आपकी अवस्था चालीस वर्ष है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**4. निम्नलिखित में से एक वाक्य शुद्ध है-**

(a) खादी व्यापार बढ़ाने के लिए अधिक मात्रा में चरखा कातना चाहिए।
(b) उसने मुक्तहस्त से धन लुटाया।
(c) हमारे यहाँ तरूण नवयुवकों की शिक्षा का अच्छा प्रबंध है।
(d) मुझसे यह काम सम्भव नहीं।

**व्याख्या (d)** - विकल्प (d) शुद्ध वाक्य है, शेष वाक्य अशुद्ध हैं। चरखा, काता नहीं जाता, बल्कि चलाया जाता है। विकल्प (b) में प्रयुक्त 'से' का प्रयोग उचित नहीं है, क्योंकि 'मुक्तहस्त' का ही अर्थ 'मुक्त हस्त होकर' होता है। विकल्प (c) में 'तरूण' अशुद्ध शब्द है, इसका शुद्ध शब्द 'तरुण' है, जिसका अर्थ 'नवयुवक' होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**5. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(a) राम और श्याम सम्बन्धी चर्चा
(b) राम और श्याम सम्बद्ध चर्चा
(c) राम और श्याम विषयक चर्चा
(d) राम और श्याम सम्बन्धित चर्चा

**व्याख्या (b)** - 'सम्बन्धी' शब्द 'श्याम' से सम्बद्ध है। 'राम' से नहीं। अतः 'राम' सम्बन्धी और 'श्याम' सम्बन्धी चर्चा यह 'सम्बन्धी' शब्द न देकर केवल 'श्याम' से ही सम्बन्ध अर्थ देता है। अतः विकल्प (b) शुद्ध वाक्य है।

**6. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**

(a) अधिन (b) अधीन
(c) आधीन (d) आधिन

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'अधीन' शुद्ध वर्तनी है। शेष विकल्प अशुद्ध हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**7. निम्नलिखित शब्दों में वर्तनी की दृष्टि से कौन-सा शब्द अशुद्ध है?**

(a) पुष्पांजलि (b) निरापराध
(c) भास्कर (d) उज्ज्वल

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'निरापराध' अशुद्ध वर्तनी है, इसकी शुद्ध वर्तनी है- निरपराध । शेष विकल्प शुद्ध हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**8. निम्नलिखित में अशुद्ध वर्तनी का शब्द है-**

(a) वाङ्मय (b) उत्कर्ष
(c) वैमनस्य (d) मिथलेशकुमारी

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'मिथलेशकुमारी' अशुद्ध वर्तनी है, इसकी शुद्ध वर्तनी है- मिथिलेशकुमारी शेष विकल्प शुद्ध हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**9. निम्नलिखित में एक शब्द अशुद्ध है-**

(a) दैहिक (b) नोकरी
(c) प्रौढ़ (d) पौरुष

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'नोकरी' अशुद्ध वर्तनी है, इसकी शुद्ध वर्तनी है- नौकरी शेष विकल्प शुद्ध हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**10. निम्नलिखित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है-**

(a) उस जंगल में प्रातः काल के समय का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।
(b) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीती हैं।
(c) उन्होंने इस बात पर आपत्ति प्रकट की।
(d) तमाम देश भर में यह बात फैल गयी।

**व्याख्या (c)** - दिए गए वाक्यों में 'उन्होंने इस बात पर आपत्ति प्रकट की' वाक्य शुद्ध है। अन्य सभी वाक्य अशुद्ध हैं। इनका शुद्ध रूप होगा- 'उस जंगल में प्रातः काल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था', 'बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीते हैं', 'तमाम देश में यह बात फैल गयी। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**11. इनमें से विलोम शब्दों का गलत युग्म है-**

(a) आविर्भाव - विभाव
(c) उन्मूलन - रोपण
(b) अपराधी- निरपराध
(d) विहित - निषिद्ध

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (a) गलत है, इसका शुद्ध रूप 'आविर्भाव-तिरोभाव' होगा। शेष विकल्प सही हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**12. इनमें से 'सरल' शब्द का विलोम नहीं है-**

(a) विरल (b) वक्र
(c) कुटिल (d) कठिन

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'सरल' शब्द का विलोम 'वक्र' नहीं है, शेष सभी विलोम हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

UP RO-ARO 12 हिन्दी TEST PAPER शुल्क मात्र 70/-
With Free Current Affairs & UP Special 7376789729
टेस्ट सीरीज़ प्राप्त करने के लिए दिए गए नम्बर पर Join Test Series लिख कर WhatsApp करें

**13. निम्नलिखित में विलोम शब्दों का सही युग्म है-**
(a) आग्रह - विग्रह
(b) गणतन्त्र - लोकतन्त्र
(c) आकीर्ण - विकीर्ण
(d) थोक- फुटकर

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (d) सही है, शेष विकल्प गलत हैं, इनका शुद्ध रूप 'आग्रह- दुराग्रह, गणतन्त्र-राजतन्त्र, संकीर्ण - विकीर्ण' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है। ।

**14. 'मसृण' का विपरीतार्थक शब्द होगा-**
(a) सुकुमार (b) चिक्कण
(c) रूक्ष (d) नरम

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'मसृण' का विलोम 'रूक्ष' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**15. निम्नलिखित में से विलोम की दृष्टि से सही शब्द युग्म है-**
(a) आग्रह - विग्रह
(b) अपकर्ष - उपकर्ष
(c) जारज - औरस
(d) उत्सर्जन - विसर्जन

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (c) का युग्म विलोम की दृष्टि से सही है। अन्य विकल्पों के सही युग्म 'समास-विग्रह, अपकर्ष-उत्कर्ष तथा आवाहन - विसर्जन हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**16. 'निषिद्ध' के लिए सही विलोम है-**
(a) सिद्ध (b) शुद्ध
(c) गर्हित (d) विहित

**व्याख्या (d)** दिए गए प्रश्न में 'निषिद्ध' का विलोम 'विहित' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**17. निम्नलिखित में से विलोम की दृष्टि से सही युग्म है-**
(a) अधिष्ठित - प्रतिष्ठत
(b) आस्थ - विश्वास
(c) असूया - अनसूया
(d) प्रमुख - विमुख

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (c) सही है, शेष विकल्प गलत हैं, इनका शुद्ध रूप 'अधिष्ठित-अनधिष्ठित', 'आस्था-अनास्था' तथा 'प्रमुख-समान्य' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**18. 'अनुरक्ति' का विपरीतार्थक शब्द है-**
(a) आसक्ति (b) प्रशस्ति
(c) विरक्ति (d) प्रकृति

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'अनुरक्ति' का विलोम 'अंतिम' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**19. इनमें से 'प्रथम' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द होगा-**
(a) प्रधान (b) गौण
(c) अंतिम (d) प्रत्यक्ष

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'प्रथम' का विलोम 'अंतिम' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**20. अनुग्रह' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द होगा-**
(a) विग्रह (b) आग्रह
(c) परिग्रह (d) संग्रह

व्याख्या - दिए गए प्रश्न में 'अनुग्रह' का विलोम 'विग्रह' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**21. निम्नलिखित में एक तथ्य गलत है-**
(a) विशेषण से संज्ञा की व्याप्ति परिमित हो जाती है।
(b) जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है, उसे विशेषण कहते हैं।
(c) प्रयोग की स्थिति के आधार पर 'अंकित' शब्द विशेषण और विशेष्य दोनों हैं।
(d) विशेषण शब्द सदैव विशेष्य के पहले प्रयुक्त होता है, विशेष्य के बाद कभी प्रयुक्त नहीं होता।

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में विकल्प (d) गलत है, क्योंकि कभी-कभी विशेषण विशेष्य के बाद भी लगता है। स्थान के आधार पर विशेषण दो प्रकार का होता है - उद्देश्य विशेषण और विधेय विशेषण। जो विशेषण विशेष्य से पहले लगता है, उसे उद्देश्य विशेषण कहते हैं, तथा जो विशेषण विशेष्य के बाद में लगता है, उसे विधेय विशेषण कहते हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**22. संख्यावाचक विशेषण 'चौगुना' इनमें से है-**
(a) क्रमवाचक विशेषण
(b) आवृत्तिवाचक विशेषण
(c) गणनावाचक विशेषण
(d) समुदायवाचक विशेषण

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'चौगुना' आवृत्तिवाचक विशेषण है। जो विशेषण अपनी विशेष्य की इकाई की आवृत्ति की संख्या बताता है, आवृत्तिवाचक विशेषण कहलाता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**23. वह बहुत खाता है 'इस वाक्य में प्रयुक्त 'बहुत' शब्द इनमें से है-**
(a) अपूर्णांकबोधक विशेषण
(b) परिमाणबोधक विशेषण
(c) निश्चित संख्यावाचक
(d) तुलनात्मक विशेषण

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'बहुत' शब्द परिमाणबोधक विशेषण है। जो विशेषण अपनी विशेष्य की मात्रा का बोध कराता है, परिमाणबोधक विशेषण कहलाता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**24. 'प्रविशेषण' को कामता प्रसाद गुरु ने इनमें से कहा है-**
(a) अन्तर्विशेषण
(c) बाह्य विशेषण
(b) सामान्य विशेषण
(d) असामान्य विशेषण

**व्याख्या (a)** - जो विशेषण शब्द विशेषण अथवा क्रियाविशेषण की ही विशेषता बताते हैं, उन्हें प्रविशेषण कहते हैं। श्री कामता प्रसाद गुरु जी ने इसे अन्तर्विशेषण कहा है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**25. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द मूल रूप से विशेषण है?**
(a) पतला (b) अर्थ
(c) परिवार (d) परलोक

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में मूल रूप से 'पतला' शब्द विशेषण है, तथा शेष शब्द संज्ञा है, अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**26. निम्नलिखित में से विशेष्य एवं विशेषण की दृष्टि से एक युग्म गलत है-**
(a) क्रोध क्रुद्ध
(b) आसक्ति आसक्त

UP RO-ARO 12 हिन्दी TEST PAPER शुल्क मात्र 70/-
With Free Current Affairs & UP Special 7376789729
टेस्ट सीरीज़ प्राप्त करने के लिए दिए गए नम्बर पर Join Test Series लिख कर WhatsApp करें

(c) आकर्षण — आकृष्ट
(d) ईर्ष्या — उपेक्षा

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'ईर्ष्या' विशेष्य है, इसका विशेषण 'ईर्ष्यालु' है। 'उपेक्षा' विशेष्य है, इसका विशेषण 'उपेक्षित' होता है। शेष युग्म सही हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**27. निम्न शब्दों में विशेष्य है-**
(a) श्वेत (b) जीर्ण
(c) गरीब (d) किताब

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'किताब' विशेष्य है, इसका विशेषण 'किताबी' होगा। श्वेत, जीर्ण, गरीब विशेषण हैं। गरीब का विशेष्य 'गरीबी' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण है-**
(a) उपार्जन (b) उपनिवेश
(c) चक्षु (d) घरेलू

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'घरेलू' विशेषण शब्द है, इसका विशेष्य 'घर' है। उपार्जन, उपनिवेश तथा चक्षु विशेष्य हैं, इनके विशेषण क्रमशः उपार्जित, औपनिवेशिक तथा चक्षुष होते हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**26. इनमें से विशेषण शब्द नहीं है-**
(a) अकूत (b) अकर्ण
(c) अचार (d) अचंड

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'अचार' शब्द एक संज्ञा शब्द है, तथा शेष सभी विशेषण शब्द हैं, अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**27. इनमें से 'खेलना' शब्द से बना विशेषण है-**
(a) दयालु (b) कृपालु
(c) खिलाड़ी (d) धार्मिक

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'खेलना' क्रिया से बना विशेषण शब्द 'खिलाड़ी' है। यह एक भाववाचक संज्ञा भी है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**28. निम्नलिखित में से एक शब्द विशेषण नहीं है-**
(a) अकूत (c) अकर्ण
(b) अचार (d) अचंड

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'अचार' शब्द एक संज्ञा शब्द है, तथा शेष सभी विशेषण शब्द हैं, अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**29. सौ गुना लम्बा में विशेषण का कौन-सा भेद है?**
(a) गणनावाचक (b) क्रमवाचक
(c) आवृत्तिवाचक (d) सम्पूर्णतावाचक

**व्याख्या (c)** - जो विशेषण अपने विशेष्य की इकाई की आवृत्ति का बोध कराते हैं, आवृत्तिवाचक विशेषण कहलाते हैं। जैसे- दो गुना, तीन गुना, चार गुनी, पाँच गुनी आदि। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**30. 'पाण्डु' शब्द विशेषण की दृष्टि से है-**
(a) केवल विशेषण
(b) केवल विशेष्य
(c) विशेषण और विशेष्य दोनों
(d) उपर्युक्त में से एक भी नहीं

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'पाण्डु' शब्द विशेषण और विशेष्य। दोनों का बोध कराता है। जब हम कहते हैं- 'पाण्डु पुत्रों को वन जाना पड़ा।' तो यह एक विशेषण का काम करता है। और जब हम कहते हैं- 'हस्तिनापुर के राजा पाण्डु बने।' तो यह एक विशेष्य का बोध कराता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**31. इनमें से 'वसुधा' का पर्यायवाची शब्द है-**
(a) विपुला (c) धेनुका
(b) शर्वरी (d) पयस्विनी

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'वसुधा' का पर्यायवाची 'विपुला' है। तथा 'शर्वरी' रात का, 'धनुका' गाय का, 'पयस्विनी' नदी का पर्यायवाची है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**32. कौन-सा शब्द 'ब्रह्मा' का पर्यायवाची नहीं है?**
(a) कमलासन (b) चतुरानन
(c) चतुर्मुख (d) चतुर्भुज

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में कमलासन, चतुरानन, चतुर्मुख, स्वयंभू, हिरण्यगर्भ, लोकेश, गिरापति, नाभि-जन्मा आदि ब्रह्मा के पर्यायवाची हैं, जबकि चतुर्भुज विष्णु का पर्यायवाची है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**33. पर्यायवाची शब्द है-**
(a) खनक (b) उदक
(c) धूसर (d) थलचर

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'चोर' का पर्यायवाची 'खनक' है। तथा 'उदक' पानी का, 'धूसर' गधा का पर्यायवाची है, एवं 'थलचर' का अर्थ पृथ्वी पर रहनेवाले जीव से है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**34. 'तलवार' का पर्यायवाची शब्द है-**
(a) हलवार (b) करवाल
(c) धरवार (d) धारदार

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'तलवार' के पर्यायवाची करवाल, असि, कृपाण, खड्ग, चंद्रहास, शमशीर आदि होता है। अन्य विकल्प असंगत हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**35. 'षट्पद' का पर्यायवाची शब्द है-**
(a) तितली (b) भ्रमर
(c) मकड़ी (d) केकड़ा

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में मधुकर, षट्पद, अलि, भृंग, मधुराज, मधुमक्षा, द्विरेफ, चंचरीक, मधुप, शिलीमुख, भौंरा इत्यादि भ्रमर के पर्यायवाची हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**36. 'चन्द्रहास' का पर्यायवाची शब्द है-**
(a) तीर (b) तलवार
(c) भाला (d) धनुष-बाण

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'चन्द्रहास' का पर्यायवाची 'तलवार' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**37. धनंजय' का पर्याय है-**
(a) गुडाकेश (b) धनुर्धर
(c) मृत्युंजय (d) सारथी

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'धनंजय' का पर्याय गुडाकेश, पार्थ, अर्जुन, कौन्तेय, सव्यसाची आदि हैं। अन्य विकल्प असंगत हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**38. 'जीभ' का पर्यायवाची है-**
(a) वचन (b) रसना
(c) ध्वनि (d) जीव

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'जीभ' का पर्यायवाची 'रसना' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**39. निम्नलिखित में से 'कामदेव' का पर्यायवाची शब्द है-**
(a) विडौजा (b) पिशुन
(c) मार (d) अश्म

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में मार, मनसिज, अनंग, मदन, कन्दर्प आदि 'कामदेव' के पर्यायवाची हैं। 'विडौजा' इन्द्र का, 'पिशुन'

UP RO-ARO 12 हिन्दी TEST PAPER शुल्क मात्र 70/-
With Free Current Affairs & UP Special 7376789729
टेस्ट सीरीज़ प्राप्त करने के लिए दिए गए नम्बर पर Join Test Series लिख कर WhatsApp करें

चुगलखोर का तथा 'अश्म' पत्थर का पर्यायवाची है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**40. इनमें एक शब्द 'घोड़ा' का पर्यायवाची शब्द नहीं है -**

(a) अश्म (b) सैन्धव
(c) घोटक (d) तुरंग

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में अश्म, 'घोड़ा' का पर्यायवाची नहीं है, बल्कि 'पत्थर' का पर्यायवाची है। अश्व, सैन्धव, तुरंग, घोटक, रविसुत, हय, बाजि आदि घोड़े के पर्यायवाची शब्द हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**41. 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' की दृष्टि से नीचे लिखे विकल्पों में कौन-सा विकल्प गलत है?**

(a) जंगल की आग - दावानल
(b) समुद्र की आग - बड़वानल
(c) पेट की आग - जठराग्नि
(d) आदि से अन्त तक - अनंत

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'आदि से अन्त तक' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'आद्योपान्त' होगा। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**42. 'अपनी विवाहिता स्त्री से उत्पन्न पुत्र' इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है-**

(a) जरायुज (b) जारज
(c) दत्तक (d) औरस

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'अपनी विवाहिता स्त्री से उत्पन्न पुत्र' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'औरस' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**43. 'जो ज्ञात इतिहास से पहले का हो' के लिए एक शब्द है-**

(a) अनैतिहासिक (b) ऐतिहासिक
(c) प्रागैतिहासिक (d) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'जो ज्ञात इतिहास से पहले का हो' के लिए एक शब्द 'प्रागैतिहासिक' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**44. 'जो अचानक आँखों से ओझल हो गया हो' इन अनेक शब्दों के लिए एक शुद्ध शब्द है-**

(a) अन्तर्ध्यान (b) अन्तर्यान
(c) अन्तर्धान (d) अन्तरधान

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'जो अचानक आँखों से ओझल हो गया हो' अनेक शब्दों के लिए एक शब्द 'अन्तर्धन' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**45. 'जो बायें हाथ से सधा हुआ है' के लिए एक शब्द है-**

(a) सव्यसाची (b) वामपंथी
(c) वज्रापि (d) वीणापाणि

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'जो बायें हाथ से सधा हुआ है' के लिए एक शब्द 'सव्यसाची' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**46. वह कवि जो तत्काल कविता करे' के लिए एक शब्द है-**

(a) सुकवि (b) रससिद्ध कवि
(c) महाकवि (d) आशुकवि

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'वह कवि जो तत्काल कविता करे' के लिए एक शब्द 'आशुकवि' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**47. 'जो ईश्वर में विश्वास रखता हो' के लिए एक शब्द है-**

(a) आस्थावान (b) आस्तिक
(c) विश्वासी (d) आसुरी

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'जो ईश्वर में विश्वास रखता हो' के। लिए एक शब्द 'आस्तिक' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**48. 'सब कुछ जानने वाले' के लिए एक शब्द है-**

(a) ज्ञानी (b) महाज्ञानी
(c) सर्वज्ञ (d) जानकार

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'सब कुछ जानने वाले' के लिए एक शब्द 'सर्वज्ञ' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**49. 'उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति' इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है-**

(a) धरोहर (b) रिक्थ
(c) उत्तराधिकृत (d) परिसम्पत्ति

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति' शब्दों के लिए एक शब्द 'रिक्थ' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**50. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के निम्नलिखित विकल्पों में से कौन गलत है?**

(a) जंगल की आग - दावानल
(b) आगे की सोचने वाला - अग्रगामी
(c) समुद्र की आग - बड़वानल
(d) पेट की आग - जठराग्नि

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में आगे की सोचने वाला' के लिए एक शब्द 'अग्रसोची' होता है। 'आगे चलने वाला' 'अग्रगामी' कहलाता। शेष विकल्प सही हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**51. 'मोती' का तत्सम रूप है-**

(a) मौती (b) मौक्तिक
(c) मुक्तक (d) उपर्युक्त में से कोई नही

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'मोती' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम, 'मौक्तिक' होता है, शेष विकल्प असंगत हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**52. निम्न में कौन-सा शब्द तद्भव है?**

(a) जल (b) नग्न
(c) तीन (d) भ्रमर

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'तीन' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'त्रीणि' है। 'नग्न' तथा 'भ्रमर' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव क्रमशः 'नंगा' तथा 'भौंरा ' है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**53. 'मिट्टी' का तत्सम शब्द है-**

(a) मृत्तिका (b) मट्टिका
(c) ब्रिट्टिका (d) मुट्टी

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'मिट्ठी' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'मृत्तिका' है। अन्य विकल्प असंगत हैं। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**54. 'अट्टालिका' का तद्भव रूप है-**

(a) अटाला (b) अटल
(c) अटारा (d) अटारी

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'अट्टालिका' तत्सम शब्द है, इसका तद्भव 'अटारी' होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**55. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है -**

(a) उलूक (b) कूप
(c) ओझा (d) पुस्तक

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'ओझा' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 7 'उपाध्याय' है। उलूक, कूप तथा पुस्तक तत्सम हैं, इनके तद्भव

UP RO-ARO 12 हिन्दी TEST PAPER शुल्क मात्र 70/-
With Free Current Affairs & UP Special 7376789729
टेस्ट सीरीज़ प्राप्त करने के लिए दिए गए नम्बर पर Join Test Series लिख कर WhatsApp करें

क्रमशः उल्लू, कुआँ तथा पोथी होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**56. निम्न में से कौन-सा शब्द तद्भव है?**

(a) कोयल (b) आश्चर्य
(c) उज्ज्वल (d) कंटक

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'कोयल' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'कोकिल' होता है। 'आश्चर्य' का तद्भव 'अचरज', 'उज्ज्वल' का तद्भव 'उजाला' तथा 'कंटक' का तद्भव 'काँटा' होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

**57. निम्नलिखित में से एक शब्द तत्सम है-**

(a) सपूत (b) सरीसृप
(c) सांकल (d) सांझ

**व्याख्या (b)** - दिए गए प्रश्न में 'सरीसृप' तत्सम शब्द है। सपूत, सांकल तथा सांझ तद्भव शब्द हैं, इनका तत्सम क्रमशः सुपुत्र, शृंखला तथा संध्या होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (b) है।

**58. 'सींग' शब्द का तत्सम रूप है-**

(a) श्रृंग (b) शिंग
(c) शृंग (d) सिंग

**व्याख्या (c)** - दिए गए प्रश्न में 'सींग' का तत्सम 'शृंग' होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (c) है।

**59. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है-**

(a) ज्योत्स्ना (b) श्रेष्ठी
(c) परीक्षा (d) घर

**व्याख्या (d)** - दिए गए प्रश्न में 'घर' तद्भव शब्द है, इसका तत्सम 'गृह' होता है। ज्योत्स्ना, श्रेष्ठी तथा परीक्षा तत्सम शब्द हैं, इनका तद्भव क्रमशः जोन्ह, सेठ तथा परिच्छा होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (d) है।

**60. 'नारियल' शब्द का तत्सम रूप है-**

(a) नारिकेल (b) नारिकेलि
(c) नरीकेल (d) नारिकेला

**व्याख्या (a)** - दिए गए प्रश्न में 'नारियल' शब्द का तत्सम 'नारिकेल होता है। अतः इस प्रश्न का उत्तर (a) है।

UP RO-ARO 12 हिन्दी TEST PAPER शुल्क मात्र 70/-
With Free Current Affairs & UP Special 7376789729
टेस्ट सीरीज़ प्राप्त करने के लिए दिए गए नम्बर पर Join Test Series लिख कर WhatsApp करें